उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यू–सर्क)

सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग, (उत्तराखण्ड शासन)

21/4 ई0सी0 रोड, देहरादून, ईमेलः u.serc@rediffmail.com

संख्याः यू–सर्क/प्रोजे0/2023–24/41 दिनांकः 23 मई 2023

सूचना

उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) द्वारा पूर्व में विज्ञापित सूचना संख्याः यू–सर्क/प्रोजे0/2023–24/40 दिनांक 20 मई 2023 के माध्यम से यूसर्क द्वारा प्रदेश के शोध संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, तकनीकी संस्थानों, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं से प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की सहायता से विकास हेतु राज्य में प्रौद्योगिकी आधारित विज्ञान शिक्षा का प्रसार, पर्यावरण एवं संरक्षण कार्यक्रम, आउटरीच कार्यक्रम, शोध एवं विकास (R&D) गतिविधियों इत्यादि विषयों पर सहयोगात्मक रूप से कार्यक्रमों के सम्पादन हेतु औचित्यपूर्ण प्रस्ताव आमन्त्रित किये गये हैं।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि–

1. यूसर्क द्वारा सहयोगात्मक रूप से मांगे जाने वाले परियोजना प्रस्तावों की संख्या सीमित/निर्धारित करने एवं गुणवत्तापूर्ण प्रस्तावों की प्राप्ति हेतु किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा तीन (03) से अधिक तथा अन्य संस्थानों द्वारा दो (02) से अधिक प्रस्तावों को उक्त हेतु अग्रसारित न किया जाय। यह भी सूचित किया जाता है कि किसी भी परियोजना अन्वेषक द्वारा मात्र एक ही प्रस्ताव भेजा जाय। उक्त निर्धारित सीमा से अधिक प्राप्त प्रस्तावों पर यूसर्क द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। किसी एक संस्थान से अधिकतम 02 तथा विश्वविद्यालय से अधिकतम 03 औचित्यपूर्ण प्रस्ताव अग्रसारित करने की अपेक्षा की जाती है।
2. औचित्यपूर्ण प्रस्ताव यूसर्क के ईमेल– **userc.cp2022@gmail.com** पर प्रेषित किये जाय तथा उक्त प्रस्ताव को सम्बन्धित संस्थान के सक्षम अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित एवं अग्रसारित करा कर प्रस्ताव की हार्ड कॉपी यूसर्क कार्यालय को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी प्रेषित की जाये।
3. प्रस्ताव प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय दिनांक 05 जून 2023, सांय 5.00 बजे होगी।

प्रो0 (डा0) अनीता रावत

निदेशक